




## एक नजर में

### प्रभारी मंत्री भूरिया आज मंदसौर में

**मंदसौर।** अपर कलेक्टर एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि जिले की प्रभारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री निर्मला भूरिया 21 अप्रैल को मंदसौर प्रवास पर रहेंगी। तय कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया 21 अप्रैल 2026 को प्रातः 9:30 बजे रतलाम से प्रस्थान कर मंदसौर आयेगी। सुबह 11 बजे मंदसौर आयेंगी एवं स्थानीय कार्यक्रम में सहभागीता करेंगी। दोपहर में 2 बजे मंदसोर से झाबुआ के लिए प्रस्थान करेंगी।

### गरोठ में रक्तदान शिविर सम्पन्न, 30 यूनिट रक्त संग्रह

**गरोठ।** स्व. श्रीमती रामकन्या बाई मंदलिया की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर भारत विकास परिषद गरोठ एवं मांदलिया परिवार के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय चिकित्सालय गरोठ में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय मंदसौर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय महासचिव विनोद काला, शाखा पालक अरुण कासट, बीएमओ डॉ. दरबार सिंह, डॉ. दशरथ सिंह राठौर, सहकोषाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, अध्यक्ष सुरेश पाटीदार सहित अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने रक्तदान को महादान बताते हुए युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। डॉ. दरबार सिंह ने नियमित रक्तदान के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। शिविर में महेश मंदलिया सहित कई युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कुल 30 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारी, रक्तदाता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सीतामऊ -कयामपुर रोड पर गंदगी का अंबार, कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

**सीतामऊ।** नगर के सीतामऊ-कयामपुर रोड स्थित मुक्तिधाम के पास मुख्य मार्ग पर गंदगी का बड़ा ढेर लगा हुआ है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति केवल एक स्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे नगर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जो स्वच्छता व्यवस्था की खराब हालत को दर्शाते हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल फरक्या ने नगर पंचायत से मांग की है कि समय रहते ईमानदारी से स्वच्छता व्यवस्था में सुधार किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी तो शहर कांग्रेस कमेटी को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

### संघ के शताब्दी वर्ष पर मन्दसौर में आज भव्य आयोजन

**मन्दसौर।** श्री कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आज 21 अप्रैल को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैया जोशी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहकर राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक दायित्वों पर मार्गदर्शन देंगे। उक्त आयोजन दो प्रमुख हिस्सों में गोष्ठियों के रूप में होगा जिसमें दोपहर के समय मातृशक्ति गोष्ठी और शाम को समाज के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद सत्र रखा गया है। इन सत्रों की सबसे बी विशेषता यह है कि उपस्थित जनसमूह को प्रश्नोत्तर के माध्यम से मुख्य वक्ता से सीधा संवाद करने का अवसर मिलेगा। राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत इस बौद्धिक संगम में प्रवेश केवल आमंत्रित अतिथियों के लिए रहेगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संघ द्वारा सभी व्यापक तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

### गांधीसागर जलाशय से चोरी की मछली ले जाते तीन आरोपी गिरफ्तार, 8 .50 क्विंटल मछली और बोलेरो जब्त

**पिपलियामण्डी।** थाना नारायणग पुलिस ने अवैध रूप से मछली चोरी कर परिवहन करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8 क्विंटल 50 किलो मछली एवं एक बोलेरो वाहन जब्त किया है। नारायणग पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गोपालपुरा की ओर से एक सफेद बोलेरो (क्रमांक एमपी 44 टीए 0476) में तीन व्यक्ति गांधीसागर जलाशय से चोरी की गई मछलियां लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सगस बावजी मंदिर के पास घेराबंदी कर उक्त वाहन को रोका। वाहन में सवार व्यक्तियों ने अपने नाम मांगीलाल (35) पिता गफूर खां मकबूल (39) पिता याकूब मंसूरी एवं राजू (40) अमरुलाल मेघवाल, तीनों निवासी चचोर, थाना रामपुरा जिला नीमच बताए। वाहन की तलाशी लेने पर पीछे 17 कट्टों में भरी करीब 8 क्विंटल 50 किलो मछलियां मिली। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गांधीसागर जलाशय से मछली चोरी कर ला रहे थे। मछली पकने एवं परिवहन संबंधी कोई वैध लाइसेंस या परमिट भी उनके पास नहीं मिला। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मत्स्य अधिनियम की धारा 5 एवं बीएनएस की धारा 303(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर मछली एवं बोलेरो वाहन जब्त कर लिया है।

### नारायणगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कार से 156 किलो डोडाचूरा जब्त



**मंदसौर।** नारायणगढ़ पुलिस ने अंतर्राज्यीय तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की महिन्द्रा 300 कार से 156 .5 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 2 .34 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल व एसडीओपी कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भारत भाबर के नेतृत्व में वाहन चेकिंग के दौरान संजीत रोड स्थित काचरिया कदमाला चौपाटी के पास यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी सुखदेव (29) निवासी जोधपुर (राजस्थान) के कब्जे से डोडाचूरा के अलावा कार, एक एंड्रॉयड मोबाइल एवं दो नंबर प्लेटें भी जब्त की गई हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### नपाध्यक्ष गुर्जर ने क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियों का लिया जायजा



**मंदसौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नपाध्यक्ष श्रीमति रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के द्वारा दिनांक 21 अप्रेल 2026 से दिनांक 25 अप्रेल 2026 तक कालाखेत खेल मैदान में नपाध्यक्ष ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मेहुल सुनिल जैन महाबली मित्र मंडल के द्वारा 5 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिदिन डे एवं नाइट मैच खेले जायेगें। इस टुनार्मेन्ट की तैयारीयों को लेकर कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कालाखेत खेल मैदान का निरीक्षण किया तथा खेल मैदान की व्यवस्थाओं को देखा और क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन में लगे मेहुल जैन, जॉन फतरोड., विवेक भावसार, धीरेन्द्र नोगिया, देवराज फतरोड आदि से चर्चा की। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने खेल मैदान की सफाई एवं बैरिकेट्स के संबंध में आवश्यक निर्देश भी नपा कर्मचारीयों को दिये। इस अवसर पर भाजपा महिला मार्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, भाजपा जिलामंत्री रानु भावसार, पार्षद सुनीता गुजरिया, आरती दवे, महिला नेत्री वंदना भावसार, नपा स्वास्थ्य अधिकारी हेमचन्द्र शर्मा नपा कर्मचारी बाबू भाई भी उपस्थित थे।

# बाल विवाह रोकने के लिए दिलवाई शपथ




**मंदसौर। जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाहों की रोकथाम के लिए काम कर रहे संगठन विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया। इसमें बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) व आशा यूनिटों ने भी सहयोग दिया और जिले में बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दोहराया।**

विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन जिला प्रशासन, पंचायतों, स्कूलों और धर्मगुरुओं के साथ मिलकर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए स्कूलों, पंचायतों और गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहा है और जिले में हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। संगठन खास तौर से बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील अक्षय तृतीया जैसे मौकों पर प्रशासन व सरकार के सहयोग से इसकी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाता रहा है विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है।

जिले में अब तक बाल विवाह के खिलाफ अभियान की सफलता पर संतोष जाहिर करते हुए विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के निदेशक राम रघुवंशी ने कहा कि अक्षय तृतीया के शुभ दिन की आड़ में बाल विवाह जैसे अपराध को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन व नागरिक समाज संगठनों की सतर्कता से अब अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाहों की संख्या में खासी कमी आई है लेकिन हमें इसे पूरी तरह रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चंद वर्षों पहले तक लोगों को यह भी नहीं पता था कि नाबालिग बच्चों की शादी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है। लेकिन जमीन पर हमारे गहन जागरूकता अभियानों से जागरूकता बढ़ी है और हालात बदले हैं। अब लोग बाल विवाहों की सूचना दे रहे हैं और प्रशासन तुरंत इसकी रोकथाम के लिए कार्रवाई कर रहा है। यह एक उल्लेखनीय बदलाव है और हमें विश्वास है कि हम 2030 से पहले ही जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे।

# भगवान आदिनाथ की भव्य रथयात्रा बड़ी संख्या में शामिज हुए श्रद्धालु

**मंदसौर। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नाकोड़ा नगर स्थित 1008 श्री चंद्रप्रभु एवं नवदेवता जिनायतन में भव्य रथयात्रा महोत्सव आयोजित किया गया। मुनि सेवा समिति एवं सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।**

रथयात्रा के दौरान आचार्य 108 कीर्ति सागर महाराज, आर्यिका 105 समर्थ श्री माताजी एवं आर्यिका 105 सार्थक श्री माताजी की सान्निध्यता रही। प्रतिष्ठाचार्य पं. विजयकुमार गांधी के निर्देशन में सभी धार्मिक विधियां सम्पन्न हुईं। धर्मसभा में आचार्य कीर्ति सागर महाराज ने मोक्ष प्राप्ति के लिए सम्यक दर्शन, ज्ञान और चरित्र को आवश्यक बताते हुए नाम-यश की बजाय धर्म और दान पर बल दिया। वहीं आर्यिका समर्थ श्री माताजी ने अक्षय तृतीया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आहार दान की परंपरा को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।



कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए तथा तपस्वी ग्रुप द्वारा इक्षु रस का वितरण किया गया। आयोजन में समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।




## जीव दया और सेवा के संकल्प के साथ मनाया आचार्यश्री का जन्म उत्सव

**मंदसौर।** स्थानीय प्रतापगढ़ रोड स्थित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला में जैन सोशल ग्रुप मेन मन्दसौर द्वारा एक अनुकरणीय सेवा कार्य का आयोजन कर पूज्य गुरुदेव आचार्य अशोक सागर सूरिश्वर महाराज साहब के 82 वर्ष पूर्ण कर 83वें वर्ष में प्रवेश के पावन अवसर पर जीव दया सेवा प्रकल्प के अंतर्गत गोवंश को हरे चारे का आहार कराया गया।

श्री आर्यरक्षितसूरि जैन तीर्थ धाम के प्रेरक गुरुदेव के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रुप के सदस्य और धर्मप्रेमी एकत्रित हुए। जैन सोशल ग्रुप मेन के अध्यक्ष राजेन्द्र नाहर ने कहा कि पूज्य गुरुदेव का जीवन हम सभी के लिए करुणा और संयम का जीवंत संदेश है। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि गुरुदेव सदैव जीव मात्र के प्रति दया भाव रखने की प्रेरणा देते हैं और आज उनके जन्म उत्सव को किसी आडंबर के बजाय मूक प्राणियों की सेवा कर मनाया है। गोवंश की सेवा भारतीय संस्कृति का मूल आधार है और जैन सोशल ग्रुप भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस पुनीत कार्य में सम्मिलित होकर ग्रुप संयोजक संजय लोढा, पूर्व अध्यक्ष सतीश, उज्ज्वल मेहता, संजय जैन श्वेता, कमल कच्छारा, मुकेश खमेसरा और अन्य मौजूद रहे।

## बालाजी मंदिर के पास युवक का शव मिला पुलिस जांच में जुटी

**पिपलियामण्डी।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र के ग्राम खेजड़ी स्थित बालाजी मंदिर के पास सोमवार सुबह करीब 7 बजे एक युवक का शव बरामद हुआ। सुबह घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की पहचान लोकेश (35) पिता ओंकार लाल कुमावत, निवासी नरसिंहपुरा (मंदसौर) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक को पिछले एक दिन से मंदिर परिसर के आसपास घूमते हुए देखा जा रहा था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी भारत भाभर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मृतक के पास उसका मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल सुरक्षित हालत में मिले हैं, जिससे लूटपाट या छीना-झपटी की आशंका नहीं हो सकती। युवक यहां क्यों आया था यह भी स्पष्ट नही हो पाया।

# चौराहों पर लोगों को परेशान कर अपनी महिमा मंडित करना बंद करें मंदसौर पुलिस : टूटेजा

**मंदसौर।** मंदसौर की कानून व्यवस्था वर्तमान समय में पूरी तरह से चरमरा गई है। मंदसौर में नशा आसानी से उपलब्ध, चाकूबाजी की घटनाएं हो रही है अपराधियों में कानून और पुलिस का कोई भय नहीं है वही दूसरी और असामाजिक एवं अपराधिक किस्म के लोगों पर कार्यवाही करने के बजायें मंदसौर पुलिस स्वयं को महिमा मंडित करने के लिए रोज शाम को चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाकर नगर के सभ्य एवं आम नागरिकों को परेशान कर रही है।

उक्त बात कहते हुए पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीतसिंह टूटेजा ने बताया कि एमडी जैसा नशीला पदार्थ जो कि हमारी युवा पीढी को बर्बाद कर रहा है मंदसौर नगर में आसानी से उपलब्ध है इन पर पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। एमडी के नाम पर कार्यवाही भी होती है तो वो भी बस दिखावें कि जबकि मंदसौर की गली -गली में नशा बिक रहा है और यह सब पुलिस की स्वीकृति के बिना संभव नहीं है लेकिन फिर भी इन लोगों पर कार्यवाही नहीं कि जाती। मंदसौर नगर में कई ऐसे पाइंट है जहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है लेकिन फिर भी वहां पर कार्यवाही नहीं की जाती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि शुक्ला चौक की घटना जिस स्थान पर चाकूबाजी की घटना हुई वह पुलिस थाने से चंद कदमों की दूरी पर है वहां पर स्थित चाय की दुकान पर प्रतिदिन ऐसा ही माहौल रहता है ऐसे ओर भी कई स्थान है जहां पुलिस की टीम को पहुंचना चाहिए ताकि आम आदमी सुरक्षित महसूस कर सके। लेकिन मंदसौर पुलिस ऐसा न करते हुए स्वयं को महिमा मंडित करते हुए नगर के प्रमुख चौराहों पर रोज शाम को चेकिंग अभियान के नाम पर आम लोगों को परेशान कर रही है जो कि गलत है।

> टूटेजा ने कहा कि अपराधिक किस्म के लोग शहर के बीच नहीं आएंगे यहां से तो आम आदमी निकलता है जो पुलिस चेकिंग के नाम पर परिवार के साथ परेशान हो रहा है। पुलिस का खौफ अपराधिक किस्म के लोगों में कितना है इस बात का अंदाजा तो इस बात से ही लगाया जा सकता है कि गांधी चौराहा और शुक्ला चौक जैसे व्यस्तम चौराहों पर चाकूबाजी हो जाती है और दो लोगों की जान चली जाती है। कानून का माखौल उड़ाने से भी अपराधी किस्म के लोग नहीं डर रहे है वहीं पुलिस भी सिर्फ दिखावे की कार्रवाई कर रही है।

# श्री खेड़ापति बालाजी मंदिर यज्ञशाला में भगवान गणपति की स्थापना और ध्वजारोहण कार्यक्रम

**गरोठ।** गरोठ नगर में स्थित अति प्राचीन एवं धार्मिक आस्था के सबसे बड़े स्थान श्री खेड़ापति बालाजी मंदिर पर नव निर्माण कार्य के शुभ अवसर पर 14 मई को पंच कुण्डीय महायज्ञ, मंदिर के शिखर पर कलशारोहण तथा भगवान श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के पावन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। इसी पुनीत कार्यक्रम की पूर्व तैयारी के रूप में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सोमवार को सुबह 10.30 बजे मंदिर परिसर में एक भव्य एवं विधि-विधान पूर्ण आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के यज्ञाचार्य पंडित जगदीश व्यास ने यज्ञशाला निर्माण हेतु भूमि पूजन संपन्न कराया, तत्पश्चात यज्ञशाला में भगवान श्री गणपति की विधिवत स्थापना की गई तथा 21 फीट की ऊंचाई पर उत्साह एवं आनंद के वातावरण में ध्वजारोहण किया गया इस धार्मिक आयोजन में यजमान पंकज शर्मा एवं गौरी शर्मा के साथ श्री खेड़ापति बालाजी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, महासचिव ओमप्रकाश पाटीदार, संयोजक गोकुल सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष कैलाश जागरी, सुरेश मांदलिया, पोरवाल समाज गरोठ के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सेठिया, नगर परिषद गरोठ के उपाध्यक्ष महेश मालवीय, दिनेश धनोतिया, पवन मांदलिया, रविंद्र पाटीदार, पुरालाल मालवीय, खाटू श्याम मंदिर गरोठ के राधेश्याम चौधरी, हेमंत कुशवाह, बद्रीलाल गुर्जर, बालूसीह चौहान, प्रफुल चौधरी, सचिन अग्रवाल, अरुण कुमार मौर्य, राहुल माईकल, राहुल उपलावदिया, द्वारकालाल मालवीय, चंद्रशेखर कुमावत, राजू भाई शेरवाला, बालाराम चौधरी, पंडित श्याम बैरागी, राकेश पाटीदार तथा ठेकेदार दिनेश विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आरती एवं पूजन में सहभागिता कर इस धार्मिक अनुष्ठान को और अधिक गरिमापूर्ण बनाया।

## पिपलियामंडी पुलिस ने 20 किलो डोडाचूरा के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर पकड़ा

**मंदसौर।** पिपलियामंडी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय तस्कर को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20.720 किलोग्राम डोडाचूरा व एक कीपैड मोबाइल जब्त किया, जिसकी कुल कीमत करीब 42 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल व एसडीओपी कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह इवने के नेतृत्व में टीम ने खात्याखेड़ी रोड स्थित बालाजी मंदिर के पास संदिग्ध युवक को पकड़ा।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कृष्ण उर्फ किशन पंवार (22) निवासी जिला गंगानगर (राजस्थान) बताया। आरोपी ने मादक पदार्थ नीमच जिले के जीतु गरासिया से लाना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, वहीं फरार आरोपी की तलाश जारी है। कार्रवाई में पुलिस टीम के कई अधिकारियों की सराहनीय भूमिका रही।

# सुवासरा में अनूठी पहल : वर-वधु ने विवाह से पूर्व भरा स्व-गणना फॉर्म



**मंदसौर।** सुवासरा क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली, जहां विवाह समारोह के दौरान वर एवं वधु ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए जनगणना अंतर्गत स्व-गणना (Self Enumeration) फॉर्म भरकर जागरूकता का संदेश दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर दीपक फरक्या (पिता - रामचंद्र फरक्या, निवासी - खेजड़िया) एवं वधु संतोष (पिता - जगदीश धनोतिया, निवासी - महुआ) ने अपने विवाह स्थल पोरवाल परिणय रिसोर्ट, सुवासरा में मंडप में प्रवेश करने से पूर्व अपनी-अपनी पारिवारिक जानकारी का स्व-गणना फॉर्म ऑनलाइन भरकर एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस पहल के माध्यम से उन्होंने न केवल अपनी जिम्मेदारी निभाई, बल्कि समाज को भी यह संदेश दिया कि प्रत्येक नागरिक को स्वयं आगे आकर अपनी जानकारी दर्ज करनी चाहिए, जिससे शासन की योजनाओं का सही क्रियान्वयन संभव हो सके। उपस्थित जनसमूह ने इस कदम की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे भी इस पहल से प्रेरणा लें और अपना स्व-गणना पत्र ऑनलाइन भरकर जनगणना कार्य में सहयोग करें।

**एक नजर** | **इक्षु रस से हुआ भगवान का अभिषेक**

# महिला प्रकोष्ठ ने आदिनाथ विहार में भक्तिभाव के साथ मनाया अक्षय तृतीया

**मंदसौर। सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ मंदसौर के तत्वाधान में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आदिनाथ विहार दिगंबर जैन मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा के रंग में सराबोर नजर आया, जहाँ ब?ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता की।**




कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान के अभिषेक के साथ हुआ, जिसमें विशेष रूप से गन्ने के रस यानी इक्षु रस का प्रयोग किया गया। अभिषेक के पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को इक्षु रस का वितरण प्रसाद स्वरूप किया गया, जिसे ग्रहण कर सभी ने स्वयं को धन्य महसूस किया। यह संपूर्ण आयोजन समाज में भक्ति, सेवा और अटूट श्रद्धा का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस पुण्य कार्य में सविता सनत गांधी और महिला प्रकोष्ठ की सहमंत्री सोनम मयंक गांधी परिवार ने मुख्य प्रायोजक के रूप में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री वीनाली मेहता ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि अक्षय तृतीया का यह पर्व हमें दान और तप की शक्ति की याद दिलाता है और आज के आयोजन में समाज की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि हम अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासतों को सहेजने के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए पूरी टीम और प्रायोजक परिवार का आभार व्यक्त किया।

डॉ. चंदा कोठारी ने अक्षय तृतीया के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह वही पावन दिन है जब प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ को 13 माह 13 दिन की कठिन तपस्या के बाद राजा श्रेयांस ने इक्षु रस का आहार दान दिया था। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया केवल एक तिथि नहीं, बल्कि दान परंपरा की शुरुआत का प्रतीक है, जिसका फल कभी क्षय नहीं होता।

इस अवसर पर पूर्व महामंत्री पुष्पा चेलावत, निधि संघवी और राखी नाहर व महिला प्रकोष्ठ मंत्री पूर्णिमा चौराडिया, कोषाध्यक्ष प्रीति नगरीवाला, सह मंत्री आशा जेतावत, सुनीता पामेचा, श्वेता भाटिया एवं सोनम गांधी उपस्थित रही। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट एवं पार्श्व महिला मंडल की ओर से अध्यक्ष सीमा जैन पोरवाल, सुनीता जैन, मंजू भूता, सीमा उदयपुरिया और सविता गांधी ने सभी स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री कोमल प्रकाश जैन द्वारा किया गया व आभार शिक्षा मंत्री ज्योति खिमेसरा ने माना।